# प्रेस विज्ञप्ति
# जनपद बस्ती
# दिनांक 23.08.2026

**थाना दुबौलिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए संबंधित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही के आधार पर एक आला कत्ल एक हंसिया, गमछा व रुपये 700/- नगद बरामद किया गया |**

थाना दुबौलिया पुलिस द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पिता की हंसिया व गमछे से गला दबाकर किये गए हत्या के संबंध में मृतक के भाई द्वारा प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-158/2026 धारा-103(1) BNS की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए **संबंधित 02 अभियुक्तगण यथा क्रमशः 1-** लक्ष्मण पुत्र राजू **व 2-** दुर्गा पुत्री स्व0 कृष्णा प्रसाद को दिनांक 22.08.2026 को समय करीब 21:35 बजे जैतापुर मोड़ रामजानकी मार्ग के पास से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटनास्थल के समीप नहर से आलाकत्ल एक हंसिया व गमछा को बरामद किया गया |

**गिरफ़्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-158/2026 धारा-103(1) BNS में धारा-238, 3(5) BNS की बढोत्तरी कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया |**

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

**1-** लक्ष्मण पुत्र राजू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी बभरौली थाना दुबौलिया जनपद बस्ती |
**2-** दुर्गा पुत्री स्व0 कृष्णा प्रसाद उम्र करीब 18 वर्ष निवासी रमवापुर तिवारी थाना छावनी जनपद बस्ती |

**बरामदगी का विवरण-**

**1-** एक आला कत्ल हंसिया व गमछा |
**2-** रुपये 700/- नगद |

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर **अभियुक्त 1-**लक्ष्मण द्वारा बताया गया कि दिनांक-21.08.2026 को दोपहर में हम दोनो बभरौली खेत में नहर के पास मिलने गये थे, तभी **2-**दुर्गा के पिता कृष्णा प्रसाद वहां आ गये जोकि हम लोगो को देखकर मारने लगे, जिस पर हम दोनो ने मिलकर कृष्णा प्रसाद को पकड़ कर पटक कर हंसिया से गले, सीने पर हंसिया के मुठिया से सिर पर मारा व मैं उसके सीने पर चढ़ने के बाद हम दोनों ने मिलकर उसके गमछे से उसका गला कस कर उसकी हत्या कर दिये, जिस समय जब विश्वास हो गया कि कृष्णा प्रसाद मर गया है, तो उसके शव को नहर में फेंक कर छिपाने के उपरांत हसिया भी वहीं फेक कर छुप गये | हम दोनों नासिक भागने की फिराक में थे, कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया |

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

**1-** थानाध्यक्ष दुबौलिया जीवन त्रिपाठी जनपद बस्ती |

**2-** व0उ0नि0 अरुण कुमार पाडेय, उ0नि0 अजय कुमार पांडेय थाना दुबौलिया जनपद बस्ती |

**3-** हे0का0 सचिन मिश्रा, कां० संदीप सिंह, म0का0 निकिता, म०कां० खुशबू सिंह थाना दुबौलिया जनपद बस्ती |

